# Prof.Rajendra Singh (Rajju Bhaiya) University, Prayagraj

**No.PRSUP/R.O/ 224/2019** **Date 30/4/2019**

**ADMISSION NOTICE 2019-2020**

Applications from eligible candidates are invited for admissions in Regular programmes *viz.* M.A. in Hindi, Economics, Ancient History Culture and Archaeology, Political Science, Master in Social Work And M.Com running in the University Campus and for Professional Courses *viz.* Three year L.L.B., Five Year B.A.L.L.B., B.B.A., B.C.A., B.P.Ed., M.P.Ed., M.Ed., B.Sc.(Ag), B.Sc.(Home Science) B.Lib., M.Lib., running in its affiliated colleges.

Registration and Online submission of Forms will start from 1 May, 2019, and last date of submission of forms will be 25th May, 2019. The date of admission test will be on 11th June, 2019 and venue will be declared on University website. The candidates must ensure their eligibility before applying for admission to different Programmes.

The details of eligibility, intake and rules regarding admissions are available on University website ***www.alldstateuniversity.org.***

**Registrar**

## Prof.Rajendra Singh(Rajju Bhaiya) University, Prayagraj

**No.PRSUP/R.O/ 224 /2019** **Date 30/4/2019**

**ADMISSION NOTICE 2019-2020**

Applications are invited from eligible candidates for admissions in regular programmes *viz.* M.A. in Hindi, Economics, Ancient History Culture and Archaeology, Political Science, Master of Social Work and M.Com running in the University Campus and for Professional Courses *i.e.* L.L.B., B.A.L.L.B., B.B.A., B.C.A., B.P.Ed., M.P.Ed., M.Ed., B.Sc.(Ag), B.Sc.(Home Science) B.Lib., M.Lib., running in its specified affiliated colleges as given in the list.

Registration and Online submission of Forms will start from 1 May, 2019, and last date of submission of forms will be 25th May, 2019. The date of admission test will be on 11th June, 2019 and venue will be declared on University website. The candidates must ensure their eligibility before applying for admission to different Programmes.

The details of eligibility, intake and rules regarding admissions are available on the University website ***www.alldstateuniversity.org.***

**Registrar**

(शेषनाथ पाण्डेय)
कुलसचिव

संदर्भ सं.: प्रो0रा0सिं0वि0वि0 / कु0स0का0 /224/ 2019 दिनांकः 30/4/2019

**प्रतिलिपि** : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. सम्पादक, ........................................ को इस आशय से प्रेषित कि उक्त विज्ञापन को अपने दैनिक समाचार पत्र के ........................ ........................ **संस्करण** में न्यूनतम आकार .............. में रू0 ............ प्रति वर्ग से0मी0 की दर से प्रकाशित करते हुए विज्ञापन की मूल प्रति के साथ बिल दो प्रतियों में प्रस्तुत करने का कष्ट करे।
2. सम्पादक, ........................................ को इस आशय से प्रेषित कि उक्त विज्ञापन को अपने दैनिक समाचार पत्र के ........................ ........................ **संस्करण** में न्यूनतम आकार .............. में रू0 ............ प्रति वर्ग से0मी0 की दर से प्रकाशित करते हुए विज्ञापन की मूल प्रति के साथ बिल दो प्रतियों में प्रस्तुत करने का कष्ट करें।
3. एजेन्सी को इस आशय से प्रेषित की उक्त विज्ञापन को विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध सम्बन्धित महाविद्यालयों / संस्थानों की कालेज लॉगिन पर अपलोड करने का कष्ट करें।
4. वित्त अधिकारी, प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज,
5. निजी सचिव कुलपति को कुलपति जी के सूचनार्थ।

(शेषनाथ पाण्डेय)
कुलसचिव

# विश्वविद्यालय परिसर में संचालित नियमित पाठ्यक्रमों तथा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयो में संचालित व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु निर्धारित न्यूनतम अर्हता का विवरण

## (क) विश्वविद्यालय परिसर में संचालित पाठ्यक्रम–

| क्र0 सं0 | पाठ्यक्रम का नाम | पाठ्यक्रम की अवधि | न्यनतम शैक्षिक अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1 | एम0ए0–<br>1 हिन्दी,<br>2. राजनीति विज्ञान,<br>3. प्राचीन इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व,<br>4. अर्थशास्त्र | दो वर्ष (04 सेमेस्टर) | विधि द्वारा स्थापित किसी भी विश्वविद्यालय से सम्बन्धित विषय में त्रिवर्षीय स्नातक उपाधि धारक। |
| 2 | एम0काम0 | दो वर्ष (04 सेमेस्टर) | विधि द्वारा स्थापित किसी भी विश्वविद्यालय से वाणिज्य त्रिवर्षीय स्नातक उपाधि धारक। |
| 3. | एम0एस0डब्ल्यू0 | दो वर्ष (04 सेमेस्टर) | विधि द्वारा स्थापित किसी भी विश्वविद्यालय से किसी भी विद्या शाखा से त्रिवर्षीय स्नातक उपाधि धारक। |

## (ख) विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों में संचालित व्यावसायिक पाठ्यक्रम–

| क्र0 सं0 | पाठ्यक्रम का नाम | पाठ्यक्रम की अवधि | न्यूनतम शैक्षिक अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1 | बी0ए0 एल0एल0बी0 | पाँच वर्ष (10 सेमेस्टर) | 10+2 इण्टरमीडिएट/समकक्ष परीक्षा 45 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण। |
| 2 | एल0एल0बी0 | तीन वर्ष (6 सेमेस्टर) | विधि द्वारा स्थापित किसी भी विश्वविद्यालय से किसी भी संकाय में सामान्य वर्ग 45 प्रतिशत, अन्य पिछड़ा वर्ग 42 प्रतिशत एवं अनुसूचित जाति/जनजाति 40 प्रतिशत, अंको के साथ त्रिवर्षीय स्नातक उपाधि धारक। |
| 3 | बी0बी0ए0 | तीन वर्ष (6 सेमेस्टर) | विज्ञान /कला/वाणिज्य विषय के साथ इण्टरमीडिएट अथवा समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण। |
| 4 | बी0सी0ए0 | तीन वर्ष (6 सेमेस्टर) | इण्टमीडिएट/समकक्ष परीक्षा गणित विषय के साथ 45 प्रतिशत अंको के साथ उत्तीर्ण। |
| 5 | बी0लि(आई0एस0सी0) | एक वर्ष | विधि द्वारा स्थापित किसी भी विश्वविद्यालय से किसी भी संकाय में 45 प्रतिशत अंको के साथ त्रिवर्षीय स्नातक उपाधि धारक। |
| 6 | एम0लि(आई0एस0सी0) | एक वर्ष | विधि द्वारा स्थापित किसी भी विश्वविद्यालय से किसी भी संकाय में 45 प्रतिशत अंको के साथ बी0लि(आई0एस0सी0)उपाधि धारक। |
| 7 | एम0एड्0 | दो वर्ष | निम्नांकित कार्यक्रमो में कम से कम 50 प्रतिशत अंक या समकक्ष ग्रेड होने चाहिए।<br>–बी0एड0<br>–बी0ए0बी0एड0, बी0एस–सी0,बी0एड0<br>–बी0एल0एड0<br>–अवर स्नातक उपाधि के साथ डी0एल0एड0 |
| 8 | बी0पी0एड्0 | दो वर्ष (04 सेमेस्टर) | 50 प्रतिशत अंको के साथ किसी विषय में स्नातक डिग्री और कम से कम ए0आई0यू0/आई0ओ0ए0/एस0जी0एफ0आई0/भारत सरकार द्वारा यथा |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | मान्यता प्राप्त खेलकूद में अंतर कालेज/अंतरक्षेत्रीय/ जिला /स्कूल/प्रतियोगिता में भागीदारी की हो, का प्रमाण पत्र।<br>अथवा<br>45 प्रतिशत अंको के साथ शारीरिक शिक्षा में स्नातक की डिग्री<br>अथवा<br>45 प्रतिशत अंको के साथ किसी विषय में त्रिवर्षीय स्नातक की डिग्री तथा एक अनिवार्य विषय/वैकल्पिक विषय के रूप में शारीरिक शिक्षा का अध्ययन किया हो ।<br>अथवा<br>45 प्रतिशत अंको के साथ त्रिवर्षीय स्नातक डिग्री और राष्टीय/अंतर–विश्वविद्यालय/राज्य विश्वविद्यालय में भाग लिया हो अथवा ए0आई0यू0/ आई0ओ0ए0/एस0जी0एफ0आई0/भारत सरकार द्वारा यथा मान्यता प्राप्त खेलकूद में अंतर कालेज/अंतर क्षेत्रीय/जिला/स्कूल प्रतियोगिता में द्वितीय अथवा तृतीय स्थान प्राप्त किया हो का प्रमाण पत्र।<br>**अथवा**<br>अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भागीदारी के साथ स्नातक डिग्री अथवा सम्बन्धित संघों/ए0आई0यू0/ आई0ओ0ए0/एस0जी0एफ0आई0/ भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त खेलकूद में राष्ट्रीय /अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में प्रथम/द्वितीय अथवा तृतीय स्थान प्राप्त किया हो का प्रमाण पत्र।<br>**अथवा**<br>45 प्रतिशत अंको के साथ स्नातक डिग्री और कम से कम तीन वर्ष का शिक्षण का अनुभव (प्रतिनियुक्त सेवा कालीन उम्मीदवारों के लिए अर्थात् प्रशिक्षित शारीरिक शिक्षक/कोच |
| 9 | एम0पी0एड0 | दो वर्ष (04 सेमेस्टर) | –कम से कम 50 प्रतिशत अंको के साथ शारीरिक शिक्षा में स्नातक (बी0पी0एड0)अथवा समकक्ष अथवा कम से कम 50प्रतिशत अंको के साथ स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा विज्ञान में स्नातक (बी0एस0सी0)। |
| 10 | बी0एस–सी0(कृषि) | चार वर्ष (08 सेमेस्टर) | इण्टमीडिएट(कृषि) इण्टमीडिएट विज्ञान (पी0सी0एम0,पी0सी0बी) से न्यूनतम 40 प्रतिशत अंको के साथ उत्तीर्ण। |
| 11 | बी0एस–सी0(गृह विज्ञान) | तीन वर्ष (06 सेमेस्टर) | इण्टमीडिएट(गृहविज्ञान) इण्टमीडिएट विज्ञान (पी0सी0एम0,पी0सी0बी) से न्यूनतम 40 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण। |

कुलसचिव

# विश्वविद्यालय परिसर में संचालित नियमित पाठ्यक्रमों तथा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों में संचालित व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश से सम्बन्धित नियम, शर्ते व अन्य विवरण

1. विश्वविद्यालय परिसर में संचालित नियमित पाठ्यक्रमों एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों में संचालित व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु अभ्यर्थियों को आन–लाइन आवेदन करना अनिवार्य है। ऑनलाइन आवेदन के उपरान्त पूरित आवेदन पत्र की हार्डकापी विश्वविद्यालय को अंतिम तिथि के पश्चात तीन दिनों के भीतर ही प्रेषित किया जाना आवश्यक है।
2. अभ्यर्थी स्वयं सुनिश्चित करेंगे कि जिस पाठ्यक्रम में वे प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन कर रहे हैं, उस पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु वे अर्ह हैं, प्रत्येक पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु अर्हता का विवरण विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।
3. अभ्यर्थियो को प्रवेश हेतु निर्धारित आवेदन शुल्क रू0 600.00 (सामान्य एवं पिछड़ा वर्ग हेतु) तथा रू0 400.00 (अनुसूचित जाति एवं जनजाति हेतु) ऑनलाइन पेमेन्ट के माध्यम से जमा करना अनिवार्य होगा।
4. विश्वविद्यालय परिसर में संचालित नियमित एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में संचालित व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश, प्रवेश परीक्षा के माध्यम से दिए जायेंगे। उपलब्ध सीटों के सापेक्ष कम आवेदन प्राप्त होने पर प्रवेश समिति के निर्णयानुसार सीधे प्रवेश दिये जाने पर विचार किया जा सकता हैं।
5. प्रवेश परीक्षा के आयोजन की तिथि एवं परीक्षा केन्द्र आदि की जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध होगी। जिन पाठ्यक्रमों में प्रवेश परीक्षा आयोजित की जायेगी, उनकी प्रवेश परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट से रजिस्ट्रेशन नम्बर डालते हुए डाउनलोड किए जायेंगे ।
6. प्रवेश परीक्षा में वस्तुनिष्ठ प्रकार के बहुविकल्पीय 100 प्रश्न पूछे जायेंगे। प्रवेश परीक्षा हेतु पाठ्यक्रम अर्हकारी परीक्षा के स्तर का होगा।
7. मेरिट हेतु किसी भी संवर्ग (केटेगरी) तथा भारांक (वेटेज) का सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत्त प्रमाण–पत्र ही मान्य होगा।
8. अभ्यर्थी द्वारा आन–लाइन फार्म जमा (सबमिट) करने में किसी प्रकार की त्रुटि के लिए विश्वविद्यालय जिम्मेदार नहीं होगा। आन–लाइन फार्म जमा (सबमिट) करने के उपरान्त किसी भी प्रकार का परिवर्तन अनुमन्य नहीं होगा।
9. विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित अर्हता की अन्तिम वर्ष की परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थी भी आवेदन कर सकते हैं, परन्तु उनका प्रवेश, प्रवेश तिथि तक उत्तीर्ण अंकतालिका प्रस्तुत करने पर ही अनुमन्य होगा।
10. **वर्तमान सत्र में स्नाकोत्तर प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थियों हेतु अधिकतम तीन वर्ष का अन्तराल (2016–17, 2017–18 तथा 2018–19) अनुमन्य होगा। प्रस्तुत नियम व्यावसायिक पाठ्यक्रमों पर लागू नहीं होगा।**
11. प्रवेश फार्म एवं ऑनलाइन पेमेन्ट किए जाने की प्रक्रिया निम्नवत् होगी–
    - **Step-1** : Using Link 1, Fill Application Form after completion of form save your details by clicking "Submit" button.
    - **Step-2** : After submission of your form, second page will open with application number show a button (For online Payment) you can pay entrance fee by online using different method like Debit Card/Credit Card/Net banking etc.
    - **Step-3**: After paying fee using online method then you can take print of application form after completion of online fee payment process.

कुलसचिव

Website : www.alldstateuniversity.org E-mail ID- registrarasua@gmail.com

# प्रो० राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज, उ०प्र०

(पूर्ववर्ती इलाहाबाद राज्य विश्वविद्यालय)

# Prof. Rajendra Singh (Rajju Bhaiya) University, Prayagraj, U.P.

(Formerly Allahabad State University)

पत्रांकः प्रो0रा0सिंवि0वि0 / कु0स0का0 /224/ 2019 दिनांकः 30 / 4 / 2019

## प्रवेश हेतु विज्ञप्ति

प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज परिसर में शैक्षणिक सत्र 2019–2020 में एम0काम0, एम0ए0 (प्राचीन इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्व, अर्थशास्त्र, राजनीतिशास्त्र एवं हिन्दी) एवं एम0एस0डब्ल्यू0 हेतु तथा सम्बद्ध महाविद्यालयों में चलाये जा रहे व्यावसायिक पाठ्यक्रमों जैसे– पंचवर्षीय विधि, त्रिवर्षीय विधि, बी0बी0ए0, बी0सी0ए0, बी0पी0एड्0, एम0एड्0, बी0लिब0, एम0लिब0 एवं बी0एस–सी0(ए0जी0) पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए निर्धारित अर्हताधारी आवेदकों से आनलाइन आवेदन पत्र एतद्द्वारा दिनांक 25–05–2019 तक आमंत्रित किए जाते हैं। प्रवेश से सम्बन्धित विवरण, अर्हताएं एवं अन्य सम्बन्धित सामान्य नियम विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.alldstateuniversity.org पर उपलब्ध हैं।

## प्रवेश से सम्बन्धित नियम / शर्तें एवं अन्य समस्त विवरण

1– अभ्यर्थियों को प्रवेश हेतु आनलाइन सबमिशन करने हेतु निर्धारित न्यूनतम शैक्षिक अर्हता निम्नानुसार हैः–

क. एम0काम0– विधि द्वारा स्थापित एवं यू0जी0सी0 द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी भारतीय विश्वविद्यालय / संस्थान अथवा विदेशी विश्वविद्यालय से त्रिवर्षीय बी0काम0 उपाधिधारक।

ख. एम0ए0 ( प्राचीन इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्व, अर्थशास्त्र, राजनीतिशास्त्र एवं हिन्दी) विधि द्वारा स्थापित एवं यू0जी0सी0 द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी भारतीय विश्वविद्यालय / संस्थान से त्रिवर्षीय उपाधि प्राप्त हो अथवा विदेशी विश्वविद्यालय स्नातक उपाधिधारक हो। स्नातक स्तर पर सम्बन्धित विषय का पढ़ा होना अनिवार्य है।

ग. एम0एस0डब्ल्यू0 पाठ्यक्रम के लिए विधि द्वारा स्थापित एवं यू0जी0सी0 द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी भारतीय विश्वविद्यालय / संस्थान से त्रिवर्षीय उपाधि प्राप्त हो अथवा विदेशी विश्वविद्यालय स्नातक उपाधिधारक हो।

2– अभ्यर्थी को प्रवेश हेतु आनलाइन ही आवेदन करना अनिवार्य है। पूरित आवेदन पत्र की स्वसत्यापित फोटो प्रति विश्वविद्यालय में जमा किया जाना है। अभ्यर्थी पूरित आवेदन पत्र एवं चालान की एक प्रति अपने पास सुरक्षित रखेगा जिसे प्रवेश के समय प्रस्तुत करना होगा।

3– अभ्यर्थी को प्रवेश हेतु निर्धारित आवेदन शुल्क रू0 600.00 (सामान्य एवं अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु) तथा रू0 400.00 (अनुसूचित जाति एवं जनजाति हेतु) चालान के माध्यम से जमा करना अनिवार्य होगा।

4– आवेदन शुल्क चालान वेबसाइट से डाउनलोड करते हुए एच0डी0एफ0सी0 बैंक की किसी भी शाखा में जमा किया जा सकता है। आवेदन शुल्क किसी भी दशा में वापस नहीं होगा।

5– एम0काम0, एम0ए0 एवं एम0एस0डब्ल्यू0 के प्रत्येक पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु कुल 30 सीटें विश्वविद्यालय परिसर में निर्धारित हैं। प्रत्येक पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु निम्नानुसार आरक्षण का पालन किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| (क) | अनुसूचित जाति | –21 प्रतिशत |
| (ख) | अनुसूचित जनजाति | –2 प्रतिशत |
| (ग) | अन्य पिछड़ा वर्ग (इसके लिए क्रीमी लेयर के अभ्यर्थी अर्ह नहीं है) | – 27 प्रतिशत |
| (घ) | शासनादेश के अनुसार आर्थिक पिछड़े लोगों हेतु आरक्षण (सामान्य वर्ग से) | –10 प्रतिशत |

**क्षैतिज आरक्षण –**

| | | |
|---|---|---|
| (क) | शारीरिक रूप से विकलांग | – 3 प्रतिशत |
| (ख) | स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रित (पुत्र / पुत्री, पौत्र / पौत्री, प्रपौत्र / प्रपौत्री) | – 2 प्रतिशत |
| (ग) | भूतपूर्व सैनिक एवं युद्ध में शहीद, युद्ध में अपंग रक्षाकर्मी अथवा उनके पाल्य | – 2 प्रतिशत |
| (घ) | कारगिल युद्ध में शहीद रक्षा कर्मी में आश्रित | – 1 प्रतिशत |
| (ड) | कश्मीर विस्थापित | – 5 प्रतिशत |
| (च) | कार्यरत् सैनिक एवं उनके पाल्य (पति / पत्नी, पुत्र / पुत्री) | – 1 प्रतिशत |

पताः सी०पी०आई० परिसर, महात्मा गाँधी रोड, सिविल लाइन्स, इलाहाबाद (उ०प्र०), फोनः 0532–2256206

Address : C.P.I. Campus, Mahatma Gandhi Road, Civil Lines, Allahabad (U.P.) Ph. 0532-2256206

6– **प्रवेश अर्हकारी परीक्षा की मेरिट के आधार पर किए जाएंगे, परन्तु अभ्यर्थियों की संख्या अधिक होने पर प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्रवेश दिए जाएंगे।**

7– प्रवेश परीक्षा आयोजित किए जाने हेतु तिथि एवं परीक्षा केन्द्र आदि की जानकारी अभ्यर्थी को पृथक से एडमिट कार्ड के माध्यम से दी जाएगी। प्रवेश की सूची विश्वविद्यालय की साइट पर प्रदर्शित की जाएगी।

8– प्रवेश परीक्षा में कुल 100 वस्तुनिष्ठ बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जाएंगे जो स्नातक स्तर के होंगे।

9– मेरिट हेतु किसी भी संवर्ग (कटेगरी) तथा भारांक (वेटेज) हेतु निम्नांकित सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत्त प्रमाण–पत्र ही मान्य होगा।

| | |
|---|---|
| क. जाति, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित, कश्मीर विस्थापित एवं कारगिल शहीद प्रमाण–पत्र | – जिलाधिकारी |
| ख. प्रतिरक्षा प्रमाण–पत्र | – जिला सैनिक कल्याण अधिकारी |
| ग. दिव्यांग प्रमाण–पत्र | – मुख्य चिकित्साधिकारी |

10– प्रवेश समिति किसी भी अभ्यर्थी का प्रवेश बिना बताये हुये निरस्त कर सकती है।

11– **वर्तमान सत्र में स्नाकोत्तर प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थियों हेतु अधिकतम तीन वर्ष का अन्तराल (2016–17, 2017–18 तथा 2018–19) अनुमन्य होगा। प्रस्तुत नियम व्यावसायिक पाठ्यक्रमों पर लागू नहीं होगा।**

12– विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित अर्हता की अन्तिम वर्ष की परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थी भी आवेदन कर सकते है, परन्तु उनका प्रवेश प्रवेश तिथि तक उत्तीर्ण अंकतालिका प्रस्तुत करने पर ही अनुमन्य होगा।

13– अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन फार्म सबमिट करने में किसी प्रकार की त्रुटि के लिए विश्वविद्यालय जिम्मेदार नहीं होगा। ऑनलाइन फार्म सबमिट करने के उपरान्त किसी भी प्रकार का परिवर्तन अनुमन्य नहीं होगा।

## प्रवेश से सम्बन्धित महत्वपूर्ण तिथियॉ

| | |
|---|---|
| 1. ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया का प्रारम्भ – | 01 मई, 2019 |
| 2. ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया की अन्तिम तिथि– | 25 मई, 2019 |
| 3. प्रवेश परीक्षा तिथि | 11जून, 2019 |